हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

11 वरिष्ठ वर्ग में गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल गुरावड़ा व उच्च में बेरली कलां बना सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता का विजेता



12 वर्ल्ड टीबी-डे पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, टीबी मुक्त पंचायतें हुई सम्मानित




### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने के डेढ़ महीने बाद भी पटरी पर नहीं आई सफाई व्यवस्था, नगर परिषद के सहारे चल रही फर्म

# डंपिंग स्टेशनों पर बिना सेग्रीगेशन के डाला जा रहा कचरा, गाड़ियों में भी गीला-सूखा अलग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की सुस्त कार्यशैली व ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों को शहर में स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पा रहा है। शहर के मुख्य मार्गो, कॉलोनियों व मोहल्लों की सड़कों से कचरे का नियमित उठान नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि कचरा डंपिंग स्टेशनों पर भी कूड़ा बिना सेग्रीगेशन के डाला जा रहा है। शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था डेढ़ महीने बाद भी पटरी पर नहीं आई है। फर्म ने अभी तक न तो निर्धारित गाड़ियों की व्यवस्था की है और नहीं सभी वार्डो में कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार फर्म के पास अपनी स्वयं की जेसीबी भी नहीं है। नगर परिषद की जेसीबी से काम चलाया जा रहा है। यहां तक कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की गाड़ियों गीले व सूखे कचरे को बिना सेग्रीगेशन के लाकर डंपिंग प्वाइंट पर डाल रही है। कचरा डंपिंग प्वाइंटों पर कचरा जलाया जा रहा है। इससे शहर में प्रदूषण फैलने के साथ-साथ पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से कचरा उठान एजेंसी को करीब 23.5 करोड़ रुपये में पांच साल के लिए ठेका हुआ है, लेकिन 9 फरवरी को कार्य शुरू होने के डेढ़ महीने बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।



रेवाड़ी। कचरा कलेक्शन गाड़ी में लाया गया गीला-सूखा मिक्स कूड़ा। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। अग्रसेन चौक स्थित कचरा डंपिंग यार्ड के बाहर तक फैली गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर

कचरा डंपिंग प्वाइंटों पर कचरा जलने से पूरे क्षेत्र में धुंआ और प्रदूषण फैल रहा है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। नियमों के अनुसार एजेंसी को गीला और सूखा कचरे का गाड़ियों में अलग-अलग कलेक्शन करना था, लेकिन कचरा डंपिंग स्थल पर दोनों तरह का कचरा एक साथ डाला जा रहा है। वहीं गाड़ियों में गीले व सूखा कचरे के लिए पार्टीशन तो है, लेकिन कचरा मिक्स लाया जा रहा है।

### ब्रास मार्केट के हर तरफ कचरे के ढेर

ब्रास मार्केट में जगह-जगह कचरा डंपिंग यार्ड भी बना हुआ है। मार्केट में कई जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। सरकुलर रोड से लगते ब्रास मार्केट में स्थित वीर सावरकर पार्क के पास व तिकोना पार्क के अंदर कचरे का ढेर लगा हुआ है। इन कचरा प्वाइंट में गोवंश पूरे दिन मुहं मारकर गंदगी फैलाते रहते है।

### एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी

*कचरा कलेक्शन करने वाली एजेंसी को व्यवस्था करने के लिए 60 दिन का समय दिया हुआ है। इस समय अंतराल के बाद भी व्यवस्था नहीं होती है तो एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के पूरे प्रयास किए जा रहे है।*
*-अरुण नांदल, ईओ नगर परिषद।*

### डंपिंग यार्ड की दुर्गंध से लोग परेशान

शहर में बने हुए कचरा डंपिंग स्टेशनों पर बाहर तक कचरा फैला रहता है। पिछले दिनों नगर परिषद की ओर से डंपिंग स्टेशनों को कवर्ड करने के दावे किए गए थे, लेकिन वर्तमान में डंपिंग स्टेशनों में कचरा कम और बाहर सड़क पर ज्यादा नजर आ रहा है। अग्रसेन चौक स्थित कचरा डंपिंग यार्ड के बाहर तक कचरा फैला रहता है, वही लियो चौक स्थित एमआरएफ सेंटर की भी हालत दयनीय हो चुकी है। सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को राव तुलाराम पार्क के सामने बने कचरा डंपिंग यार्ड से हो रही है। पास में स्थित फायर ब्रिगेड ऑफिस सहित पार्क में आने वाले लोगों को पूरे दिन दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग कई बार प्रशासन से इस डंपिंग यार्ड को बंद करने की शिकायत दे चुके है, लेकिन समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है।

### जगह-जगह बने कचरा प्वाइंट

शहर के राजेश पायलट चौक, दिल्ली रोड, ब्रास मार्केट, कोनसीवास रोड, सचिवालय रोड, बाइपास व सरकुलर रोड सहित कॉलोनियों व मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर देखे जा सकते है। सुचारू रूप से कचरा कलेक्शन न होने पर लोगों ने जगह-जगह अनावश्यक कचरा प्वाइंट बना लिए है। शहर की कॉलोनियों व मोहल्लों में डस्टबिन न होने के कारण सड़कों पर कचरा डाला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 16 मार्च को हुए हादसे में वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने बालधन कलां निवासी साहिल को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 15 मार्च को दर्ज मामले में विजय नगर निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### प्रताड़ना मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। विवाहिता ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत 11 फरवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने फरीदाबाद के अजनका निवासी साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

### हुड़दंगबाजी करने के दो आरोपी दबोचे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन एरिया में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो लोग शराब के नशे में हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। इससे आसपास के लोगों की शांति भंग हो रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी आर्यन और विजय नगर निवासी उपेंद्र हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बाद में उन्हें निजी मुचलके के आधार पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर



**रेवाड़ी।** पुलिस ने चोरी के मामलों में दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। सदर थाना पुलिस ने नूंह के सौंध निवासी साबिर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसे अब कोर्ट से दो अन्य चोरी के मामलों में पूछताछ करने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। यूपी के मंदोरा निवासी मोनिश को भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया था। उसके कई मामलों में संलिप्त होने के कारण उसे भी कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ट्राला चालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोसली।** गत 22 मार्च को लूखी के पास साइकिल सवार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने ट्रॉला चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे में कारोली निवासी एक साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में झज्जर के मातनहेल निवासी सतवेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रॉला भी जब्त किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## रिसोर्ट बुकिंग के नाम पर तीन लाख की ठगी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने रिसोर्ट बुक कराने के नाम पर 3 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कि प्रयास शुरू कर दिए। रिसोर्ट के मालिक गुरुग्राम के डीएलएफ निवासी राकेश कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसके रिसोर्ट पर वर्ष 2022 में पुलकित नौकरी पर लगा था। बीते वर्ष ही वह नौकरी छोड़कर चला गया था। पुलकित से रिसोर्ट बुक कराने के लिए गत वर्ष सितंबर माह में आईटी कंपनी के एक अधिकारी ने संपर्क किया था। उसने अधिकारी टैनी सतीजा से रिसोर्ट बुक करने के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की थी। दोनों के बीच बातचीत होने के बाद सतीजा ने उसे 2 लाख रुपये नकद और एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए थे। रिसोर्ट की बुकिंग बीते फरवरी माह में शादी के लिए कराई गई थी। जब शादी का समय करीब आया तो सतीजा ने रिसोर्ट की बुकिंग कंफर्म करने का प्रयास किय। उसे पता चला कि रिसोर्ट बुक कराने के लिए दी हुई राशि जमा ही नहीं कराई गई, जिस कारण रिसोर्ट बुक नहीं हुआ। पुलिस ने राकेश की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## लाखों का सामान कबाड़ी को बेचा, तीन कर्मचारियों समेत पांच लोग नामजद

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने बावल आईएमटी की एक कंपनी का लगभग 11 लाख रुपये का सामान कबाड़ी को बेचने के आरोप में तीन कर्मचारियों सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एक कंपनी के एचआर मैनेजर अंकुर ने पुलिस शिकायत में बताया कि कंपनी में गत 13 मार्च को प्लास्टिक दाना आया था। प्लास्टिक दाना कंपोनेंट बनाने के लिए दूसरी कंपनी के लिए भेजा गया था। जिस गाड़ी में प्लास्टिक दाना भेजा गया, उसमें चालक प्रवीन के साथ कंपनी कर्मचारी देवेंद्र भी साथ गया था। 18 मार्च को उसे पता चला कि प्लास्टिक दाना दूसरी कंपनी में पहुंचा ही नहीं। उसने देवेंद्र से पूछताछ की तो उसने बताया कि कंपनी के ही कर्मचारी उपकार के कहने पर प्लास्टिक दाना पुनीत नाम के कबाड़ी को बेच दिया गया। इस कार्य में पंकज नाम के युवक भी भूमिका भी रही। पुलिस ने उसकी शिकायत पर पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## बेरली की गैस एजेंसी पर फोन रिसीव नहीं करने से उपभोक्ता परेशान

- 45 दिनों के बाद गैस सिलेंडर मिलेगा व गैस सिलेंडर भी कार्यालय से ही लेकर जाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अमेरिका-इजराइल के ईरान के साथ चलते युद्ध के कारण लोग गैस सिलेंडर रिफिल कराने के लिए परेशान है। हालांकि एजेंसियों बुकिंग होने पर घरों तक सप्लाई कर रही है, लेकिन लोग पैनिक होकर अभी भी एजेंसियों पर पहुंच रहे है। बेरली स्थित भारत गैस एजेंसी कार्यालय में फोन रिसीव नहीं होने से उपभोक्ता परेशान है। उपभोक्ताओं ने कहा कि कई दिनों से एजेंसी ने गांवों में सिलेंडर की सप्लाई भी नहीं की, जबकि बेरली में इंडेन गैस की एजेंसी भी है, जिसके कार्यालय नंबर पर मिस कॉल करने पर गैस बुकिंग हो रही है और 13 दिन में गांवों में सप्लाई भी पहुंच रही है। मंगलवार को कई गांवों के ग्रामीण बेरली की भारत गैस एजेंसी पर सुबह से ही संबंधित फोन नंबर पर कॉल करते रहे, लेकिन किसी भी नंबर पर फोन रिसीव नहीं हुआ। ग्रामीण ललिता, विजय व देवेंद्र ने बताया कि जब वे मोतला रोड पर स्थित भारत गैस एजेंसी के कार्यालय में गए तो बताया गया कि 45 दिनों के बाद गैस सिलेंडर मिलेगा व गैस सिलेंडर भी कार्यालय से ही लेकर जाना होगा।

## गैस सिलेंडर की डोर स्टेप डिलीवरी नहीं होने से उपभोक्ता परेशान

**कोसली।** कोसली में घरेलू गैस सिलेंडर डोर स्टेप डिलीवरी नहीं किए जाने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डोर स्टेप डिलीवरी नहीं किए जाने से लोग एजेंसी पर जाकर सप्लाई लेने को मजबूर हैं। उपभोक्ता अशोक कुमार व देवेंद्र ने बताया कि उन्होंने पिछली सप्लाई के दो माह बाद गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन शहीद सुरेन्द्र सिंह गैस एजेंसी ने चार दिन बाद भी सिलेंडर सप्लाई नहीं किया। उपभोक्ताओं ने बताया कि जब वे एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे तो उन्हें 190 रुपये का गैस पाइप जबरन लेने को मजबूर किया गया। सिलेंडर लेने के उन्हें आवश्यकता नहीं होने पर भी गैस पाइप लेने पड़े। इस संबंध में कोसली खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएसएसओ एसपी मेहता से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि होम डिलीवरी की रसीद कटने के बाद एजेंसी द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी देना जरूरी है। इसके अतिरिक्त एजेंसी किसी भी उपभोक्ता को एसेसरी लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से एजेंसी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कमाई का लालच देकर 1.66 लाख की ठगी का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने पर-डे पैसा कमाने के नाम पर लगभग 1.66 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तर कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। बावल के सेक्टर-2 में रहने रह रहे मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर निवासी हर्ष भार्गव ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसके पास गत वर्ष 25 जनवरी को एक मैसेज आया था, जिसमें पर-डे जॉब इनकम के बारे में पूछा गया। उसे कुछ होटलों से रिव्यू करने व क्वाइनडेक्स पर इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। इस कार्य को करने के लिए उसका टेलीग्राम पर साक्षी गोयल और अरमान मिश्रा नामक दो लोगों से संपर्क कराया गया। अरमान मिश्रा ने उसे एक गुरप से जोड़ दिया, जिसमें तीन लोग पहले से जुड़े हुए थे। उसे एक टास्क करने के लिए 7 हजार रुपये इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। उसने यह राशि ट्रांसफर की तो बताया गया कि उसका खाता फ्रीज हो गया। उसे बताया गया कि खाता अनफ्रीज करने के लिए उसे पैसे देने पड़ेंगे। उसने चार ट्रांजेक्शन के जरिए 165600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसे बताया गया कि विद्ड्राल टास्क गलत होने के कारण उसका खाता फ्रीज हो गया है। उसे अभी 320612 रुपये और भेजने होंगे। इसके बाद उससे क्रेडिट स्कोर बढ़ाने के लिए 5.58 लाख रुपये और जमा कराने को कहा, तो उसे ठगी का अहसास हुआ।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### ठगों को मुहैया करवाया था बैंक खाता

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी मध्य प्रदेश के जिला विदिशा के गांव पिपरिया दौलत निवासी अनिल कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने आयुष साहु का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## देशी कट्टा व जिंदा रोंद के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी की तलाशी लेने पर एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रोंद बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला कन्नोज के गांव गोबा सतीरा हाल किरायेदार सैयद कॉलोनी धारूहेड़ा निवासी शिवम उर्फ प्रियांशु के रूप में हुई है। गत 23 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि शिवम उर्फ प्रियांशु के पास अवैध हथियार है तथा अपने किराये के कमरे पर मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देशी कट्टा व 1 जिंदा रोंद बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज कर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### आज से दो दिन तक छाए रह सकते हैं बादल, तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी संभव

# आसमान साफ होते ही चढ़ा पारा, ठंड का असर होने लगा गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसमान से बादल साफ होते ही पारा चढ़ना शुरू हो गया है। वृद्धि के बावजूद तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। ठंड का असर खत्म होने लगा है। अगले दो दिन तक आसमान में बादलों के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। जल्द मौसम साफ होने की अभी संभावना नहीं है।

कमजोर और मध्यम श्रेणी के पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बाद ठंड का असर कम हो गया। दोपहर तक मौसम गर्म हो गया, जिससे एक बार फिर पंखे चलने शुरू हो गए। बीते सोमवार तक बारिश और ओलावृष्टि के कारण मौसम ठंडा होने से पंखे तक चलने बंद हो गए थे। आसमान साफ होने के बाद अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 32.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री की गिरावट के बाद 16.0 डिग्री पर आ गया। तेज धूप के चलते हवा में नमी का स्तर कम होकर 35 प्रतिशत तक बना रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दोपहर बाद एक बार फिर से बादल छाने शुरू हो गए, जिससे मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। लगभग एक सप्ताह बाद पंखे और एसी चलने शुरू हो गए।

**परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार बार-बार विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम अभी एक सप्ताह तक परिवर्तशील बना रह सकता है।

25 व 26 मार्च को आसमान में बादल गहराने के साथ ही बूंदाबांदी भी हो सकती है। तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। तापमान में इस दौरान उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मौसम पूरी तरह साफ होने में अभी समय लग सकता है, जिस कारण अप्रैल के शुरू में भी मौसम का मिजाज ज्यादा गर्म नहीं रहेगा।


रेवाड़ी। एक खेत में काटकर रखी गई सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### फसल कटाई अंतिम चरण में

मौसम साफ होते ही फसल कटाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक सरसों की 70 फीसदी से अधिक कटाई हो चुकी है। बची हुई सरसों को जल्द से जल्द काटने का कार्य चल रहा है। गेहूं की फसल भी कटाई के लिए तैयार होने लगी है। बावल एरिया में गेहूं की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। किसानों का प्रयास खुले मौसम में जल्द फसल काटने का है। किसान मौसम बिगड़ने से पहले फसल निकालने की तैयारी में हैं।

### प्रदूषण की समस्या से बड़ी राहत

बेमौसमी बरसात प्रदूषण का स्तर सुधारने में काफी मददगार साबित हुई है। धूल और धुआं धुल जाने के कारण हवा साफ हो गई है। धारूहेड़ा का एक्यूआई मंगलवार को 96 दर्ज किया गया, जिसे काफी संतोषजनक माना जाता है। दोपहर बाद तेज हवाएं चलने से प्रदूषण का स्तर कम हो गया। सड़कों पर उड़ने वाली धूल भी बारिश के बाद साफ हो गई है, जो प्रदूषण में कमी लाने में सहायक साबित हुई है।

## खेड़ा आलमपुर के पास एक व्यक्ति का शव मिला

**रोहड़ाई।** खेड़ा आलमपुर के पास मंगलवार सुबह एक करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। रोहड़ाई थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खेड़ा आलमपुर बस स्टॉप से कुछ दूरी पर एक होटल के पास शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर बाहरी चोट के कोई निशाना नहीं पाए गए। आसपास के गांवों में सूचना भेजकर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए। मृतक की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस ने शव अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा।



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style



# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।

## हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

## टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा


**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।



# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में



**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू :** फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडन फ्रूट :** 'फॉर्बिडन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**शी डांसेस :** शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी जिग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट :** साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप

### कनीना में शुरू किया गलियों का निर्माण कार्य

**कनीना।** शहर में टूटी सड़कों व रास्तों को ठीक करने के लिए पेचवर्क कार्य शुरू कर दिया गया है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि वार्ड वासियों की सुविधा के लिए गली निर्माण, पैच वर्क तथा नई कॉलोनियों में स्टीट लाइट लगाने का कार्य भी साथ साथ किया जा रहा है। नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ वार्ड 10 में प्रकाश के मकान से योगेश पार्षद के घर तक किया है।

### डीसी ने सुनीं समस्याएं समाधान के दिए निर्देश

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने चिर परिचित अंदाज में लघु सचिवालय में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनके तुरंत निपटान के कड़े निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि लोगों की समस्याएं सुनना प्रशासन के लिए सर्वोपरि कार्य है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर शिकायत का निवारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

### उद्यमियों के पास नेशनल अवॉर्ड जीतने का मौका

**नारनौल।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पुनः शुरू की गई है। जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक संदीप ने बताया कि इच्छुक उद्यमी 20 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### प्रवक्ता उर्मिला हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** गांव मालड़ा सराय निवासी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जांट स्कूल में कार्यरत हिंदी प्रवक्ता उर्मिला यादव पत्नी अमीर सिंह को हिंदी भाषा के प्रति समर्पित योगदान के लिए हिंदी गौरव सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दुबई स्थित अंतर्राष्ट्रीय साहित्य अर्पण मंच द्वारा प्रदान किया गया। इनके अनेक सांझा संकलन एवं हिंदी साहित्य वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रकाशित हो चुकी है। इस अवसर पर अर्पण मंच की मुख्य अधिकारी नेहा शर्मा ने उर्मिला यादव को उनकी साहित्य सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मजदूरों को आर्थिक सहायता दे सरकार: हरकेश

**नारनौल।** अमेरिका–इजराइल तथा ईरान युद्ध की वजह से औद्योगिक गैस एवं पैट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई में कटौती होने के कारण अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसलिए अनेक क्षेत्रों में उद्योगपति या तो उद्योगों को बंद कर रहे हैं या फिर उत्पादन में कटौती की जा रही है, जिसका प्रभाव मजदूरों पर भी पड़ रहा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मन्त्री हरकेश ने बताया कि अभी तक कारखानों में उत्पादन को कम करने या फिर बंद करने की वजह से हरियाणा के पानीपत, अम्बाला, करनाल एवं फरीदाबाद जैसे बड़े औद्योगिक शहरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया।

# होटल-ढाबा संचालकों को बड़ी राहत, आवेदन के आधार पर मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर, सरकार ने 50 प्रतिशत तक बढ़ाई गैस आपूर्ति

## कमर्शियल सिलेंडर के आवंटन का बढ़ा दायरा, दैनिक आपूर्ति करने वाले सिलेंडरों की संख्या बढ़कर हुई 500

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



नितिश सिंगला

■ कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक नोडल अधिकारी को दर्ज कराए शिकायत

कमर्शियल सिलेंडरों के बिना भारी परेशानी का सामना कर रहे होटल व ढाबा मालिकों के राहत भरी खबर है। केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का आवंटन पूर्व संकट स्तर के 50 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। अब आवेदन के आधार पर कनेक्शन धारक होटल ढाबा मालिकों और उद्योगों को आवेदन करने के बाद कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति हो सकेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से अभी तक शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और शादी समारोह के लिए कमर्शियल सिलेंडरों का आवंटन करने के आदेश गैस एजेंसियों को दिए हुए थे। इससे होटल-ढाबा मालिकों को गैस की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। सरकार ने उद्योगों और उनमें चलने वाली कैंटीन के सिलेंडरों की आपूर्ति भी गैस की किल्लत को देखते हुए रोक थी। कमर्शियल सिलेंडरों का दैनिक आवंटन 200 सिलेंडर निर्धारित किया हुआ था। आवेदन के बाद अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों व हॉस्टलों को ही कमर्शियल सिलेंडरों का आवंटन किया जा रहा था। नए आदेशों के अनुसार कमर्शियल सिलेंडरों के आवंटन का दायरा भी बढ़ाया गया है। अब दैनिक आपूर्ति किए जाने वाले सिलेंडरों की संख्या बढ़ाकर 500 कर दी गई है। इससे होटल व ढाबा मालिकों को काफी हद तक राहत मिल सकेगी। साथ ही, आम जनता की सुविधा के लिए एलपीजी से संबंधित कालाबाजारी, जमाखोरी जैसी शिकायतों के निस्तारण हेतु जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

### इनको मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर

नए आदेशों के अनुसार गैस एजेंसयों से अब रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग इकाइयां एवं डेयरी, सरकार व स्थानीय निकायों की ओर से संचालित सब्सिडाइज्ड कैंटीन व कम्यूनिटी किचन के लिए कमर्शियल सिलेंडर आवेदन के बाद आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए डीसी या डीएफसी ऑफिस को आवेदन करना होगा। डिमांड के आधार पर सिलेंडरों का आवंटन तय किया जाएगा।

### पीएनजी के लिए आवेदन जरूरी

जहां भी पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है, वहां कमर्शियल व औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी के लिए भी आवेदन करना अनिवार्य होगा। विभाग यह भी सुनिश्चित करेगा कि एलपीजी का कोई दुरुपयोग या डायवर्जन नहीं हो। गैस आपूर्ति का दुरूपयोग रोकने के लिए सख्त निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पंजीकरण हुआ अनिवार्य

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतीश कुमार सिंगला ने बताया कि सभी वाणिज्यिक व औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए संबंधित ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के साथ पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीकरण के किसी भी उपभोक्ता को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर आवंटित नहीं किया जाएगा। संबंधित कंपनियां उपभोक्ताओं का सेक्टर एवं वार्षिक एलपीजी आवश्यकता का रिकॉर्ड संधारित करेंगी।

## जाटूसाना खंड में स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

# एसडीएम ने खंड के स्कूलों में मिड डे मिल व सफाई का किया निरीक्षण



रेवाड़ी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा।



रेवाड़ी। स्कूल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम व समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ वरिष्ठ वर्ग में गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल गुरावड़ा व उच्च में बेरली कलां बना का विजेता

खंड जाटूसाना में स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। स्कूलों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण व समग्र व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों व राजकीय उच्च विद्यालयों से आवेदन मांगे गए थे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत एसडीएम सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति की ओर से खंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिड-डेमील का वितरण, साफ-सफाई, वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण यानि वाटर हार्वेस्टिंग व प्रयोगशाला व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मानकों का मूल्यांकन किया गया। समिति की ओर से घोषित परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा ने सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय उच्च विद्यालयों में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बेरली कलां विजेता रहा।

खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दोनों विद्यालयों को 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही ये दोनों विद्यालय अब जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर समिति से जितेन्द्र कुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी जाटूसाना, कमलेश महिला एवं बाल विकास अधिकारी जाटूसाना, प्राचार्य मुकेश सैनी, राकेश यादव तथा कार्यालय से विवेक शर्मा व रविंद्र कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। पोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

■ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति प्रथम

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में विश्व जल दिवस के अवसर पर विज्ञान विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में साइंस विभाग से बीएससी तृतीय वर्ष अदिति, मनीषा, अंजलि, आरती और बीएससी द्वितीय वर्ष की मनोरमा, टीना व मनीषा ने अपने पोस्टरों के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डा. अनिल कुमार ने कहा कि पृथ्वी पर पीने लायक जल बहुत ही कम है, इसलिए जल बचाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सुनिता यादव, प्रदीप, सोनिया यादव, पूजा, सचिन यादव, धीरज यादव, सनिता यादव व मधु बाला सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थी।

## सीहा स्कूल में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह 27 को

■ वार्षिक परीक्षाओं में टॉपर्स को किया जाएगा सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में आगामी 27 मार्च को मासिक प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र के प्रवेश उत्सव पर केंद्रित समारोह में विद्यालय की वार्षिक गृह परीक्षाओं के टॉपर्स व उनके माता-पिता को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय में योगदान देने वाले प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़ियां ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह हुड्डा होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार दहिया करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक नांदल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के एमिनेंट पर्सन विक्रम पांडे, सरपंच सरिता यादव, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज, महासचिव प्रदीप यादव, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरबीर व पूर्व प्रधान नरेश कुमार सहित अभिभावक भी शिरकत करेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर 01274-220062

# जागरूकता कैंप में छात्रों को कानूनी अधिकारों व कर्तव्यों पर दी जानकारी

■ सीएसआर योजना के तहत छात्रों को बांटे स्कूल बैग व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिबल तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव जगदीप सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव गुड़ियानी के मॉडल संस्कृति स्कूल में कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।

डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लीगल लिटरेसी सैल प्रदीप ने बच्चों को कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय की ओर से आमजन के लिए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 जारी किया हुआ है, जिस पर आमजन किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा से अमित संगी के सहयोग से सीएसआर योजना के तहत स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग तथा स्टेशनरी सामान भी वितरित किया गया। शिविर में छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैंप में नाहड़ ब्लॉक से खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जाटूसाना ब्लॉक से खंड शिक्षा अधिकारी ईश्वर सिंह, प्रधानाचार्य विद्या भूषण गुप्ता, गौरव शर्मा व स्वरूप यादव उपस्थित थे।

## शहर के पार्कों के रखरखाव के लिए संस्थाओं से मांगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



नगर परिषद ईओ अरुण नांदल।

■ पंजीकृत एसोसिएशन 30 मार्च तक जमा कराएं आवेदन

नगर परिषद की ओर से शहर के पार्कों के रखरखाव के लिए वर्ष 2026-2027 के लिए पंजीकृत संस्थाओं व एसोसिएशन से एक वर्ष की अवधि के लिए अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने बताया कि शहर के प्लाजा पार्क, टीपी स्कीम पार्क, राव तुलाराम पार्क, सुभाष पार्क, अपना पार्क, मंगलसेन पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, चिल्ड्रन पार्क, मीट मार्केट पार्क, कृष्णा नगर पार्क, मार्केट कमेटी रिहायशी कॉलोनी पार्क व ब्रास मार्केट स्थित पार्क के रख-रखाव के लिए अपना प्रस्ताव जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि इच्छुक पंजीकृत आरडब्ल्यूए, पंजीकृत संस्था, सेक्टर व कॉलोनी की समितियां, एनजीओ और एसोसिएशन अपना प्रस्ताव 30 मार्च तक नगर परिषद कार्यालय में जमा करा सकते है, या ईओएमसीआरडब्ल्यूआर1@जीमेल.कॉम व एक्सईएन.एमसीरेवाड़ी@जीमेल.कॉम पर भी प्रस्ताव भेज सकते है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाहड, खंड़ नाहड़ जिला रेवाड़ी द्वारा अपने जोहड़ को मछली पालन हेतु 8 वर्ष के पट्टे पर देने के लिए खुली बोली 08-04-2026 को प्रातः 11-00 बजे मेन जोहड़ पर होगी। बोली की जमानत राशि 50000 रुपये होगी। नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। इच्छुक बोली दाता बोली में भाग लें।

हस्ता/-एम एस यादव
सरपंच ग्राम पंचायत नाहड़ खंड
नाहड़ जिला रेवाड़ी।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री नेमीचंद्र, पुत्र स्वर्गीय श्री द्वारका प्रसाद 10-11-2008 के जीवित कानूनी वारिसों के नाम इस प्रकार हैं धर्मपत्नी गीता देवी पुत्र मितेश गुप्ता एवं पुत्री ममता देवी जिन्हें RNR पॉलिसी के अंदर प्लॉट संख्या 192 सेक्टर 13 फेस 3 बावल रेवाड़ी का आवंटन किया गया है नियमित आवंटन पत्र RLA संदर्भ संख्या 26/2428 के तहत किया गया है उपरोक्त जीवित भूखंड का भौतिक कब्जा लेने के लिए HSIIDC में आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति या कानूनी वारिसों के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो वह सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर HSIIDC एस्टेट मैनेजर को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त भूखंड का भौतिक कब्जा सभी जीवित कानूनी वारिसों को जारी कर दिया जाएगा।

**बैठक** | जिला पुलिस लाइन में वीआईपी सुरक्षा को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला में सुरक्षा अधिकारियों व कर्मियों को सिखाए सुरक्षा घेरे में अभेद्य बनने के गुर

# वर्तमान परिदृश्य में वीआईपी सुरक्षा एक अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते एसपी हेमेंद मीणा। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, आईपीएस की अध्यक्षता में वीआईपी सुरक्षा और प्रोटोकॉल को लेकर एक दिवसीय विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक चुनौतियों से निपटने और सुरक्षा घेरे को अभेद्य बनाने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार, गुप्तचर विभाग से निरीक्षक अजय कुमार व इंचार्ज सुरक्षा शाखा एएसआई सतपाल सहित सभी थाना प्रबंधक मौजूद थे। इस मौके पर एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वीआईपी सुरक्षा एक अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है।

### तकनीकी कौशल और सतर्कता जरूरी

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि सुरक्षा में तैनात प्रत्येक जवान को न केवल शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए, बल्कि मानसिक रूप से भी इतना सतर्क रहना चाहिए। एसपी ने कहा कि वीआईपी सुरक्षा में तकनीकी कौशल और मानवीय सतर्कता का तालमेल होना अनिवार्य है। किसी भी कार्यक्रम या मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। वर्कशॉप के दौरान गुप्तचर विभाग के अधिकारियों ने विशेष सत्र लिए। उन्होंने बताया कि किसी भी वीआईपी मूवमेंट से पहले सूचना एकत्र करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल का पहले से निरीक्षण और स्थानीय इनपुट साझा करना। वीआईपी के करीब आने वाले लोगों की पहचान और उनकी गतिविधियों पर नजर रखना। आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी के रूट की पूर्व योजना जरूरी है।एसपी मीणा ने कहा सभी जवान व्यवहार में अनुशासन बनाए रखें। ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। वीआईपी सुरक्षा के दौरान आपस में बेहतर तालमेल होना चाहिए। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दें।

## कार्यक्रम में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया

# वर्ल्ड टीबी-डे पर क्षयरोग मुक्ति के लिए पांच पंचायतें सम्मानित

**आईएमए जिला अध्यक्ष डा. नीरज यादव ने कहा, समय पर पहचान, नियमित दवा और सही मार्गदर्शन से टीबी का पूर्ण उपचार संभव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला इकाई की ओर से मंगलवार को वर्ल्ड टीबी-डे के अवसर पर कई संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान थीम के अंतर्गत लोगों को टीबी बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया गया। पुष्पांजलि अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात नागरिक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया, पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, डिस्ट्रिक्ट टीबी ऑफिसर डा. विक्रम यादव तथा डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डा. कृतिका बंसल की उपस्थिति रही।





रेवाड़ी। टीबी-डे पर कार्यक्रम में मौजूद पीएमओ व आईएमए के सदस्य तथा टीबी बीमारी की जानकारी लेते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### तीन वर्षों से टीबी का कोई मामला सामने नहीं आया

कार्यक्रम में जिले के उन गांवों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने टीबी उन्मूलन की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। पांच गांवों के सरपंचों को गोल्ड सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया, जहां पिछले तीन वर्षों से टीबी का कोई मामला सामने नहीं आया। वहीं 22 गांवों के सरपंचों को रजत तथा 104 पंचायतों को कांस्य मेडल प्रदान किए गए, जहां पिछले दो वर्षों से टीबी का कोई केस नहीं मिला है। चिकित्सकों ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के लिए सभी ने शपथ ली।

### टीबी लाइलाज बीमारी नहीं: डा. नीरज

इस अवसर पर आईएमए जिला अध्यक्ष डा. नीरज यादव ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर पहचान, नियमित दवा और सही मार्गदर्शन से इसका पूर्ण उपचार संभव है। जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। डा. पूजा अनेजा ने बताया कि केवल टीबी मरीज ही नहीं, बल्कि जिन परिवारों में टीबी का मरीज है, वहां सभी सदस्यों को केमो-प्रोफाइलेक्सिस लेना आवश्यक है, ताकि संक्रमण को रोका जा सके। इस अवसर पर टीबी स्पेशलिस्ट डा. राजीव विग ने भी टीबी की समय पर जांच और पूर्ण उपचार के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा शहर के मियावाली पंचायत सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां आमजन को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। डा. नवदीप यादव, डा. अश्विनी यादव व डा. मनीषा सहित अनेक डॉक्टरों ने लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया। टीबी विभाग से डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोर्डिनेटर विनीता और सीमा ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी ने टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया।




रेवाड़ी। वाहन चालकों में शराब की मात्रा चैक करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## ड्रिंक एंड ड्राइव के 22, एक ध्वनि प्रदूषण का चालान

# लेन चेंज की अवहेलना पर 1171 वाहन चालकों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गत सप्ताह 10 से 22 मार्च तक पुलिस की ओर से ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने व लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने वाले 1194 चालकों पर शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गत सप्ताह ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है।

एसपी ने कहा कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते है। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। पुलिस की ओर से ध्वनि प्रदूषण करने वाले एक वाहन चालक का चालान किया गया। इसके अलावा पुलिस की ओर से लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना पर 1171 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

### कानून-व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें। पुलिस सुरक्षित, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है और ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया

## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शहर के मॉडल टाउन स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी व साफ-सफाई सहित समस्त सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। इस मौके पर डीसी मीणा ने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा चाक चौबंद और सीसीटीवी निरंतर एक्टिव मोड में रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित सभी मापदंडों का पूर्णरूप से पालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगिशर व सीसीटीवी को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीडीपीओ एचपी बंसल, नायब तहसीलदार चुनाव अजय यादव, चुनाव कानूनगो संजय कुमार, राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों में कांग्रेस से प्रवीण चौधरी, भाजपा से सतपाल धूपिया, बीएसपी से किशोरी लाल व आईएनएलडी से रजवंत डहीनवाल मौजूद थे।



रेवाड़ी। ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीसी अभिषेक मीणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## कोसली अनाज मंडी में जल्द शुरू होगी सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद

**कोसली।** कोसली अनाज मंडी में जल्दी ही गेहूं और सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने वाली है। इसके लिए किसान को मेरी फसल



मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि कोसली मंडी में सरसों की खरीद हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा की जाएगी। सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य इस बार 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसकी शुरूआत चार-पांच दिन में हो सकती है। उन्होंने बताया कि फसल खरीद के लिए आने वाले वाहन पर नंबर प्लेट अवश्य होनी चाहिए। जो किसान फसल बेचने के लिए आएगा, उसका फिजिकल वेरीफिकेशन होगा। गेट पास पर उसके खुद के नाम का अंगूठा लगवाया जाएगा। यदि कोई स्वयं नहीं आना चाहता तो उसे एमएफएमबी पोर्टल पर तीन नाम देने होंगे, जो उसके स्थान पर मंडी में फसल बेचने के लिए आ सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि गेहूं की खरीद का कार्य एक अप्रैल से आरंभ होगा। गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल को सुखाकर तथा साफ करने के बाद मंडी में लेकर आए। फसल में नमी या कूड़ा पाया गया तो उसे खरीदा नहीं जाएगा।

## प्रशिक्षण में जनगणना कार्य की बारीकियों से करवाया अवगत

# मास्टर ट्रेनर्स ने प्रपत्र भरने और डिजिटल उपकरणों की दी जानकारी




रेवाड़ी। जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

- **कार्य को प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जनगणना-2027 के तहत लघु सचिवालय में मंगलवार को मास्टर ट्रेनर्स की ओर से चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज लिपिक और तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रपत्र भरने और डिजिटल उपकरणों सहित जनगणना के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनगणना मुख्यालय हरियाणा से सतीश व मंडल कोऑर्डिनेटर गुरविंद्र ने अधिकारियों को प्रपत्र भरने, डिजिटल उपकरणों के उपयोग की जानकारी सहित जनगणना में मकान सूचीकरण, आवास गणना का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना प्रबंधन व निगरानी के लिए पर्यवेक्षण प्रणाली पोर्टल का उपयोग होगा, जिससे कार्य की पारदर्शिता, गुणवत्ता, समय बद्धता पूरी हो पाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपना विवरण अपलोड कर सकेंगे। उन्होंने कार्य को प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार, स्टेट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार व जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो का कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनने पर डा. सौरव यादव को दी बधाई

**रेवाड़ी।** डा. सौरव यादव के भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगलवार को विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बधाई दी। विधायक ने विश्वास जताया कि सौरव यादव के नेतृत्व में युवा वर्ग पार्टी से जुड़ेगा और वे संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन, खोरी मंडल भाजपा अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव रामपुरा, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर व एनिमेट पर्सन जीवनराम गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



### छात्रों ने मांगों को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर कुलपति असीम मिगलानी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर छात्र नेता रवि मसीत ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कक्षाएं शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गेट नंबर एक की क्वालिटी पर भी आरोपी लगाया। उन्होंने लंबे समय से बंद कैंटीन को शुरू कराने और खेल मैदान को साफ कराने की भी मांग की। उन्होंने सुरक्षा को लेकर गर्ल्स होस्टल में सीसीटीवी कैमरे लगावाने की मांग की। इस मौके पर अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

### डीएचबीवीएन कोसली कार्यालय में शिकायत निवारण शिविर आज

**कोसली।** कोसली स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मंडल कार्यालय में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में 25 मार्च को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार की अध्यक्षता में उपभोक्ता शिकायत निवारण न्यायाधिकरण का आयोजन किया जाएगा। बिजली विभाग के कोसली डिविजन के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि बैठक में गलत बिलिंग व रीडिंग, कनेक्शन, मीटर व वोल्टेज से संबधित शिकायतें सुनी जाएगी। कार्यकारी अभियंता ने कहा कि शिकायतों पर कोई कोर्ट केस नहीं होना चाहिए। उपभोक्ताओं को शिकायत का विस्तृत विवरण सत्यापित फार्म के साथ देना होगा, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जा सकें।

### अहरोद के प्राचीन मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर कार्यक्रम 27 से

**रेवाड़ी।** खंड खोल के गांव अहरोद स्थित प्राचीन भैरव व मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर 27 मार्च को हवन व कन्या पूजन किया जाएगा। मंदिर में जागरण व भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। पंडित नटवरलाल ने बताया कि 28 मार्च को भजन व जागरण के बाद रात्रि 12 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ आरती पूजन किया जाएगा और 29 मार्च को भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश खोला व पुष्पा अग्रवाल ज्योति प्रज्वलित करेंगे। गुरु महाराज चौमला सूरजगढ़, समाजसेवी महेंद्र गोयल, पवन और रिंकू पार्टी दिल्ली की ओर से भजन व संगीत का आयोजन किया जाएगा।

### कारोली गांव से बिना कुछ बताए घर से 19 वर्षीय युवक लापता

**कोसली।** कारोली गांव से एक युवक बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गया। कारोली गांव निवासी सुंदर सिंह ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 19 वर्षीय लड़का हेमंत रविवार सायं घर से लापता है। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी सभी जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। रात को लड़के ने मोबाइल पर बताया कि वह नांगल मूंदी गांव में है तथा रात 10 बजे तक घर पहुंच जाएगा। बात होने के बाद परिजन मौके पर भी गए, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

## आईजीएल ने नए उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन के लिए दी राहत

**रेवाड़ी।** जिले में एलपीजी सिलेंडरों के साथ-साथ इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड यानि आईजीएल की ओर से विकसित पाइप्ड नेचुरल गैस यानि पीएनजी ने शहर के निवासियों, रेस्टोरेंट्स और स्वास्थ्य सेवाओं को नए कनेक्शन लेने के लिए राहत दी है। आईजीएल के सीजीएम एवं जीए प्रमुख अंशुमान सिंह कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए आईजीएल ने उपभोक्ता अनुकूल पहल शुरू की हैं। आईजीएल ने आवासीय पीएनजी कनेक्शन के लिए अग्रिम सुरक्षा जमा राशि को 7 हजार रुपये से घटाकर पांच हजार रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा वाणिज्यिक कनेक्शनों के लिए मीटर सुरक्षा शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जो ग्राहक 31 मार्च तक अपना पीएनजी कनेक्शन पंजीकृत कर सक्रिय करेंगे उन्हें 500 रुपए की मुफ्त गैस भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएनजी की ओर से प्रदान की गई स्थिरता ने आवश्यक सेवाओं विशेषकर खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और स्वास्थ्य ढांचे को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप आईजीएल हरियाणा में अपने पाइपलाइन नेटवर्क का गति से विस्तार कर रहा है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप रेवाड़ी जीए में गैस पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है।


**भक्ति** नवरात्र पर महिला मंडलों की ओर से मां भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन का आयोजन

# मंदिरों में मां कात्यायनी का हुआ जयघोष आज सातवीं शक्ति कालरात्रि की होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में मां दुर्गा के नवरात्रों की धूम मची हुई है। चैत्र नवरात्रों के छठे दिन मंगलवार को मंदिरों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है। शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे हैं। मंदिरों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई है। नवरात्रों के छठे दिन शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर, बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शनों के लिए भारी भीड़ रही। दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए माता मंदिर पहुंच रहे हैं। दुर्गा मां के इस पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों ने 9 दिन तक विशेष अनुष्ठानों का भी आयोजन किया गया है। महर्षि कत के पुत्र ऋषि कात्य के गोत्र में पैदा हुए महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की घोर उपासना करते हुए उनसे अपने घर में जन्म लेने का अनुरोध किया था।

कात्यायन की उपासना व महिषासुर के बढते उत्पात से ब्रह्मा, विष्णु व महेश के तेज के अंश से मां कात्यायनी ने महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। नवरात्र पर महिला मंडलों की ओर से मां भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

रेवाड़ी। नवरात्र पर दुर्गा मंदिर में भव्य रूप में माता की प्रतिमा तथा नवरात्र पर लाइटों से जगमग बारा हजारी दुर्गा मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### सातवें नवरात्रे पर मां कालरात्रि की होगी पूजा

मां दुर्गा की 7वीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। बुधवार को 7वें नवरात्रे पर उपासक मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है, सिर के बाल बिखरे हुए हैं, गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला भी है, मां के 3 नेत्र हैं, यह तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं, इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं, मां का वाहन गर्दभ है। इनका ऊपर उठा हुआ दाहिने हाथ की वरमुद्रा सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी ओर का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड़ग है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन मां सदैव ही शुभ फल देने वाली ही हैं। इसलिए भक्तों को मां से भयभीत नहीं होना चाहिए। मां की उपासना करने वाले साधकों को लाभ मिलता है, मां उनके समस्त पापों और विघ्नों का नाश कर देती है। मां की कृपा से उपासक सर्वथा भयमुक्त हो जाता है। उपासक को एकाग्र मन से मां की उपासना करनी चाहिए।